भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *132
(09 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)

## महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत निधियों का आवंटन

*132. श्री हरीश चंद्र मीना:

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत प्रत्येक राज्य और संघ राज्य क्षेत्र को आबंटित और जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक आबंटित निधियों का कितना प्रतिशत उपयोग किया गया है;

(ग) वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान राजस्थान में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्तिगत लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है और उनकी कुल संख्या कितनी है ; और

(घ) वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान राजस्थान के टोंक-सवाई माधोपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में लाभार्थियों का लिंग-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री शिवराज सिंह चौहान)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

लोक सभा में दिनांक 09.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 132 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) एक मांग आधारित मजदूरी रोजगार योजना है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार आवंटन नहीं किया गया है।

वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान (दिनांक 03.12.2025 की स्थिति के अनुसार) महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत जारी की गई निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध-। में दिया गया है।

(ख): दिनांक 03.12.2025 तक, महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत 86,000 करोड़ रुपये के आवंटित बजट की तुलना में उपयोग की गई निधियों का प्रतिशत 81.49 है।

(ग): वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, इस योजना के तहत राजस्थान में कुल 77.23 लाख श्रमिकों ने रोजगार प्राप्त किया। इसका जिले-वार ब्यौरा अनुबंध-II में दिया गया है।

(घ): पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत राजस्थान के टोंक-सवाई माधोपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने वाले श्रमिकों की लिंग-वार संख्या नीचे दी गई है:

| क्र. सं. | राजस्थान के जिले | रोज़गार पाने वाले कामगारों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरुष | महिला | ट्रांसजेंडर | कुल |
| 1 | सवाई माधोपुर | 28022 | 48648 | 0 | 76670 |
| 2 | टोंक | 54213 | 81103 | 0 | 135316 |
| | कुल | 130883 | 81,103 | 0 | 211986 |

(नरेगासॉफ्ट के अनुसार)

लोक सभा में दिनांक 09.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 132 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखितअनुबंध-।

| वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान (03.12.2025 तक) महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत जारी की गई निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा (रुपए करोड़ में) | | |
|---|---|---|
| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कुल जारी निधि |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 6266.58 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 513.98 |
| 3 | असम | 1508.40 |
| 4 | बिहार | 7227.79 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 2295.02 |
| 6 | गोवा | 2.55 |
| 7 | गुजरात | 800.57 |
| 8 | हरियाणा | 432.83 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 814.13 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 1068.36 |
| 11 | झारखंड | 2571.91 |
| 12 | कर्नाटक | 2989.93 |
| 13 | केरल | 2816.58 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 4581.54 |

| | | |
|---|---|---|
| 15 | महाराष्ट्र | 5941.23 |
| 16 | मणिपुर | 917.06 |
| 17 | मेघालय | 889.59 |
| 18 | मिजोरम | 370.91 |
| 19 | नगालैंड | 316.68 |
| 20 | ओडिशा | 3022.79 |
| 21 | पंजाब | 891.00 |
| 22 | राजस्थान | 5505.17 |
| 23 | सिक्किम | 98.69 |
| 24 | तमिलनाडु | 6493.17 |
| 25 | तेलंगाना | 2314.17 |
| 26 | त्रिपुरा | 659.16 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 8288.07 |
| 28 | उत्तराखंड | 359.02 |
| 29 | पश्चिम बंगाल* | * |
| 30 | पुदुचेरी | 22.70 |
| 31 | लद्दाख | 56.16 |
| 32 | अंडमान और निकोबार | 1.47 |
| 33 | लक्षद्वीप | 0.00 |
| 34 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 3.10 |
| | कुल | 70,040.35 |

*केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन न करने के कारण, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 की धारा 27 के प्रावधानों के अनुसार , 09 मार्च, 2022 से पश्चिम बंगाल राज्य को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के तहत निधियां जारी करना रोक दिया गया है।

लोक सभा में दिनांक 09.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 132 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-II

| वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्थान में रोजगार प्राप्त करने वाले श्रमिकों का जिले-वार ब्यौरा (आंकड़े लाख में) | | |
|---|---|---|
| क्र. सं. | राजस्थान के जिले | रोजगार प्राप्त करने वाले श्रमिकों की संख्या |
| 1 | अजमेर | 3.81 |
| 2 | अलवर | 1.06 |
| 3 | बांसवाड़ा | 5.31 |
| 4 | बारां | 1.98 |
| 5 | बाड़मेर | 6.90 |
| 6 | भरतपुर | 1.21 |
| 7 | भीलवाड़ा | 4.63 |
| 8 | बीकानेर | 2.89 |
| 9 | बूंदी | 1.45 |
| 10 | चित्तौड़गढ़ | 1.48 |
| 11 | चुरू | 2.45 |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | दौसा | 0.65 |
| 13 | धौलपुर | 0.51 |
| 14 | डूंगरपुर | 4.54 |
| 15 | हनुमानगढ़ | 2.07 |
| 16 | जयपुर | 1.23 |
| 17 | जैसलमेर | 1.82 |
| 18 | जालौर | 1.55 |
| 19 | झालावाड़ | 3.40 |
| 20 | झुंझुनू | 0.42 |
| 21 | जोधपुर | 3.37 |
| 22 | करौली | 0.97 |
| 23 | कोटा | 1.25 |
| 24 | नागौर | 5.17 |
| 25 | पाली | 2.03 |
| 26 | प्रतापगढ़ | 2.90 |
| 27 | राजसमंद | 1.70 |
| 28 | सवाई माधोपुर | 0.77 |
| 29 | सीकर | 0.74 |
| 30 | सिरोही | 1.22 |
| 31 | श्री गंगानगर | 2.56 |
| 32 | टोंक | 1.35 |
| 33 | उदयपुर | 3.85 |
| | कुल | 77.23 |

(नरेगासॉफ्ट के अनुसार)